महत्वपूर्ण/ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य/निदेशक
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाए।

पत्रांकः–प्राशिप/अनु06/2021/7399 लखनऊः दिनाँकः 05.03.2021

विषयः परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/ मार्च 2021 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र यूराइज पोर्टल के माध्यम से तिथि बढ़ाये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्रांक प्राशिप/अनु06/2020/7059, दिनाँक 20.02.2021, पत्रांक प्राशिप/अनु06/वि.सेमे0परी0/2021/7162, दिनांक 24.02.2021 एवं पत्रांक/अनु06/वि. सेमे.परी0/2021/7387, दिनांक 05.03.2021 का संन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

जिसके माध्यम से सत्र 2020–2021 हेतु विषम सेमेस्टर परीक्षा मार्च 2021 हेतु (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) , बैक पेपर परीक्षा (केवल विषम सेमेस्टर) विशेष बैक परीक्षा मार्च 2021 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र यूराइज (**URISE**) पोर्टल के माध्यम से भराये जाने हेतु दिनाँक 20.02.2021 से दिनाँक 05.03.2021 तक तिथि निर्धारित की गयी थी। जिसमें संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उ0प्र0, पत्रांक 236/संप्रपप/ई02(प्रशा0)/2021, दिनांक 02.03.2021 एवं ई–मेल दिनांक 02.03.2021, 03.03.2021, 04.03.2021 एवं 05.03.2021 के अनुक्रम में ऑनलाइन प्रकिया द्वारा छूटे हुए नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के पुनः नामांकन हेतु परिषद की वेबसाइट **bteup.ac.in** दिनांक 05.03.2021 से 06.03.2021 तक खोला गया है।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने हेतु, अन्तिम तिथि 07.03.2021 तक विस्तारित की जा रही है।

अतएव परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने की अनन्तिम तिथि 07.03.2021 की शामं 05:00 बजे निर्धारित की गयी है। आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त तिथि परीक्षा आवेदन पत्र यूराईज (**URISE**) पोर्टल के माध्यम से भराना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी अवगत कराना है कि विशेष बैक पेपर के परीक्षा आवेदन पत्र (**SU LOGIN**) लॉगिन के माध्यम से भरे जायेगें।

निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें, यदि उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाती है, तो संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी।

भवदीया

05/03/21

(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु06/2021/7400-03 तद्दिनांकः 05.03.2021

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर–प्रदेश, लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर–प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ/मध्य क्षेत्र, लखनऊ/ बुन्देलखण्ड क्षेत्र,झांसी/पूर्वी क्षेत्र वाराणसी को इस अनुरोध के साथ कि आप अपने स्तर से भी अपने क्षेत्रांतर्गत समस्त संस्थाओं को समयान्तर्गत परीक्षा फॉर्म यूराइज पोर्टल के माध्यम से भरवाए जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

5. श्री संजय सक्सेना, कम्प्यूटर अनुभाग प्रभारी को उक्त सूचना वेबासाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
6. श्री नीरज कुमार, नोडल अधिकारी, यूराईज, को उपरोक्तानुसार परीक्षा फार्म यूराइज पोर्टल के माध्यम से भरवाने की आवश्यक कार्यवाही करने हेतु।

05/03/21

(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव।